## खबर संक्षेप




### डीसी ने धान खरीद को लेकर बैठक ली

**करनाल।** खरीफ सीजन 2025-26 में धान खरीद और मिलिंग प्रबंधों को लेकर उपायुक्त उत्तम सिंह ने शुक्रवार को लघु सचिवालय में अधिकारियों व मिलर्स की बैठक की। डीसी ने निर्देश दिए कि मंडियों में बिजली, पानी, शौचालय, पार्किंग और सफाई जैसी मूलभूत सुविधाओं की कोई कमी नहीं रहनी चाहिए। धान की बोगस खरीद में किसी कर्मचारी की संलिप्तता पाई गई तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस वर्ष जिले में 15 खरीद केंद्र बनाए गए हैं और 226 मिलरों को मिलिंग प्रक्रिया में जोड़ा गया है। मिलर्स ने अपनी मांगें रखीं, जिनमें 30 सितंबर तक शनिवार-रविवार व अवकाश के दिनों में भी गोदाम खुले रखने की मांग प्रमुख रही। डीसी ने इस पर सकारात्मक आश्वासन दिया।

### जाट महासभा करनाल की आम सभा 14 को

**करनाल।** जाट महासभा करनाल की वार्षिक आम सभा की बैठक आगामी 14 सितंबर को बुलाई गई है। यह बैठक सुबह 11 बजे जाट धर्मशाला, सेक्टर-12 करनाल में आयोजित होगी। महासभा के प्रधान भूपिंद्र लाठर भुप्पी ने बताया कि बैठक में कई अहम एजेंडे रखे जाएंगे। पिछली आम सभा की पुष्टि करने के बाद वर्ष 2024-25 की ऑडिट बैलेंस शीट पर विचार-विमर्श किया जाएगा। इसके अतिरिक्त जिला रजिस्ट्रार फर्म एंड सोसाइटीज करनाल तथा स्टेट रजिस्ट्रार फर्म एंड सोसाइटीज हरियाणा एक्ट 2012 के तहत कुछ सदस्यों की समीक्षा भी बैठक में की जाएगी।

### प्री-लिटिगेशन मुकदमों के लिए लोक अदालत

**करनाल।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष अजय कुमार शारदा के मार्गदर्शन में शुक्रवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने प्री-लिटिगेशन स्तर के मुकदमों के निपटारे हेतु लोक अदालत का आयोजन किया। स्थायी लोक अदालत के अध्यक्ष ए.के. जैन व सदस्य मीनाक्षी ने कार्यवाही का संचालन किया। सीजेएम एवं सचिव डॉ. इरम हसन ने बैंक व बीमा कंपनी के प्रबंधकों से बातचीत कर अधिक से अधिक मामलों के निपटारे का आग्रह किया।

### श्री राम मंदिर सेक्टर-8 का स्थापना दिवस

**करनाल।** सेक्टर-8 स्थित श्री राम मंदिर का स्थापना दिवस श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। इस उपलक्ष्य में तीन दिन तक आध्यात्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में श्री सत जिंदा कल्याणा गद्दीनशीन कलानौर महंत श्री खुशहाल दास जी ने प्रवचन देते हुए कहा कि गुरु की असीम कृपा से ही मनुष्य को सत्संग की प्राप्ति होती है। उन्होंने कहा कि सत्संग जीवन को सकारात्मक दिशा देता है और गुरु की शरणागति से ही वास्तविक कल्याण संभव है। महंत जी के प्रेरणादायक प्रवचनों से श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे।

---

### फसल अवशेष प्रबंधन ड्यूटी से संबंधित अधिकारियों व कर्मियों की बैठक

# फसल अवशेषों में आगजनी की घटनाओं को रोकने के लिए ग्राम स्तरीय टीमें गठित

**किसानों को 1200 रुपये प्रति एकड़ की दर से अनुदान राशि का भी प्रावधान**

हरिभूमि न्यूज ⏭ इंद्री




इंद्री। बीडीपीओ कार्यालय इंद्री के सभागार में अधिकारियों व कर्मचारियों को संबोधित करते एसडीएम अशोक मुंजाल।

बीडीपीओ कार्यालय इंद्री के सभागार में एसडीएम अशोक मुंजाल की अध्यक्षता मे फसल अवशेष प्रबंधन ड्यूटी से सम्बन्धित सभी अधिकारियों व कर्मचारियों की मीटिंग हुई। मीटिंग मे एसडीएम अशोक मुंजाल ने कहा कि धान की फसल की कटाई का कार्य शुरू हो चुका है। किसान फसल कटाई के बाद बचे फसल अवशेषों में आग लगा देते हैं, जिससे वायु प्रदूषण होने के साथ-साथ भूमि की उर्वरा शक्ति भी कम होती है। सभी अधिकारी व कर्मचारी किसानों को फसल अवशेष न जलाने के बारे में जागरूक करें ताकि आगजनी की घटनाओं को रोका जा सके। उन्होने कहा कि फसल अवशेष जलाने की घटनाओं को लेकर विभिन्न विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों की ग्राम स्तरीय टीमे गठित कर गांवों की जिम्मेदारियां सौंपी गई है।

यह टीमें अपने-अपने क्षेत्र/गांव में निगरानी करेंगी। उन्होंने कहा कि सितम्बर से नवम्बर का महीना बहुत ही महत्वपूर्ण है तथा फसल कटाई का कार्य शुरू हो चुका है, इसलिये सभी सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी आपसी तालमेल व समन्वय के साथ अपनी डयूटी को पूरी ईमानदारी, लगन व निष्ठा के साथ निभाएं।

उन्होंने अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देश दिये कि वे अपनी ड्यूटी में किसी प्रकार की कोताही व लापरवाही न बरतें। उन्होंने कहा कि किसानों को फसल अवशेष न जलाने बारे तथा इसके उचित प्रबंधन बारे जागरूक करें। आगजनी की घटनाओं की निगरानी के लिये इस बार सेटेलाइट 24 घंटे निरंतर कार्य करेगा। यदि कोई किसान अपनी फसलों के अवशेष में आग लगाता है तो नियमानुसार उस पर 30 हजार रुपये तक का जुर्माना व एफआईआर के साथ-साथ रेड एन्ट्री का भी प्रावधान है। उन्होंने बताया कि अगर कोई किसान फसल अवशेषों में आग लगाते हुए पाया जाता है तो वह दो वर्ष के लिये अपनी फसल का रजिस्ट्रेशन मेरी फसल-मेरा ब्यौरा पोर्टल पर नही करवा पाएगा, जिस कारण अगले दो वर्ष तक वह अपनी फसल मंडी में नहीं बेच पाएगा। उन्होंने बताया कि कृषि विभाग द्वारा फसल अवशेष प्रबंधन(इन सीटू/एक्स सीटू) करने वाले किसानों को 1200 रुपये प्रति एकड़ की दर से अनुदान राशि का भी प्रावधान किया गया है।

#### अधिकारी/कर्मियों की लगाई ड्यूटी

कृषि उपनिदेशक डॉ वजीर ने कहा कि ग्राम स्तरीय टीमों में कृषि, राजस्व, पंचायत, बागवानी, बिजली, पशुपालन, जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों को डयूटियां सौंपी गई हैं। उन्होंने कहा कि जिन भी अधिकारियों की कर्मचारियों की डयूटी फिल्ड में लगाई गई है, वे सभी अपने-अपने आबंटित गांवों में जाकर सरपंच, नंबरदार, चौकीदार, गांव के मौजित लोगों वे किसानों से मिलकर फसल अवशेष प्रबन्धन बारे जागरूक करें।

#### अवशेष जलाने से वातावरण होता प्रदूषितः अश्वनी

खंड कृषि अधिकारी डा अश्वनी कुमार ने बताया कि फसल अवशेष जलाने से हमारा वातावरण दूषित होता है जिसकी वजह से हम सभी को कई बीमारियों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने बताया कि फसल अवशेष जलाने से शत-प्रतिशत नाइट्रोजन व काफी मात्रा में सल्फर का नुकसान होता है तथा इसके साथ-साथ जैविक पदार्थ, मित्र कीट नष्ट हो जाते हैं। उन्होंने बताया कि फसल अवशेष जलाने से कार्बन मोनोऑक्साइड, कार्बन डाइऑक्साइड, राख, मीथेन व अन्य अशुद्धियाँ उत्पन्न होती है। इससे वायु प्रदूषण बढ़ता है।

---



### चेकिंग के नाम पर करते परेशान

# डिपो होल्डर्स एसोसिएशन ने विधायक को सौंपा ज्ञापन

- कमीशन का भुगतान हर महीने नियमित रूप से किया जाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल

करनाल डिपो होल्डर्स एसोसिएशन के प्रधान सुरिन्द्र लोधी के नेतृत्व में जिलेभर के डिपो होल्डर्स ने शनिवार को विधायक जगमोहन आनंद के निवास पर पहुंचकर उन्हें अपनी समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा। सुरिन्द्र लोधी ने बताया कि बीते छह महीने से डिपो होल्डर्स को कमीशन का भुगतान नहीं किया गया है, जिससे उनके परिवार का गुजारा करना मुश्किल हो रहा है। उन्होंने मांग की कि कमीशन का भुगतान हर महीने नियमित रूप से किया जाए। ज्ञापन में यह भी कहा गया कि चीनी का वर्तमान रेट 13.50 रुपये प्रति किलो है, जिसे बढ़ाकर 15 रुपये प्रति किलो किया जाए और कमीशन 2 रुपये प्रति किलो निर्धारित किया जाए। वर्तमान में यह केवल 8 पैसे प्रति किलो है, जिससे गंभीर समस्या उत्पन्न हो रही है।

#### जगमोहन का आश्वासन

विधायक जगमोहन आनंद ने इस दौरान आश्वासन दिया कि उनकी समस्याओं का जल्द समाधान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि डिपो होल्डर्स सरकार की योजनाओं को ईमानदारी से जनता तक पहुंचा रहे हैं और उन्हें किसी तरह की परेशानी नहीं होने दी जाएगी।

इसके अलावा उन्होंने पोस मशीनों को 2जी नेटवर्क से 5जी नेटवर्क पर अपडेट करने, गेहूं व बाजरे पर 250 रुपये प्रति क्विंटल कमीशन, तेल पर 5 रुपये प्रति लीटर कमीशन देने और पहले की तरह 600 राशन कार्ड के बाद नए डिपो खोलने का नियम लागू करने की मांग रखी। लोधी ने आरोप लगाया कि विभागीय अधिकारी चैकिंग के नाम पर डिपो होल्डर्स को परेशान और भ्रष्टाचार करते हैं। ज्ञापन सौंपने वालों में सुनील मान, मनी बत्रा, जोगिन्द्र मान, अजय सिंगला, कबीर, कन्हैया, उत्तम चंद, हरिन्द्र मान, अश्वनी सैनी, लवप्रीत सिंह सहित कई डिपो होल्डर्स मौजूद रहे।

---

# ग्रामीणों को दिलाई जल संरक्षण की शपथ

- जल संबंधी शिकायतों के निवारण के लिए टोल फ्री नंबर 1800-180-5678 जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल

गांव मोहद्दीनपुर में सरपंच सुधीर की अध्यक्षता में ग्राम जल एवं सीवरेज समिति की बैठक और जल चौपाल हुई। विभाग की ओर से चीफ केमिस्ट अमित राणा, जिला सलाहकार नेहा रानी और कनिष्ठ अभियंता भगवान उपस्थित रहे। इस मौके पर नेहा रानी ने जल संरक्षण, नलों पर टूंटी लगाने, शुद्ध पानी के रख-रखाव और समिति की जिम्मेदारियों पर विस्तार से जानकारी दी। साथ ही उन्होंने कहा कि अशुद्ध जल से बीमारियां फैलती हैं और ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी जरूरी है। इसको लेकर एक-दूसरे को जागरुक होना जरूरी है।

#### पानी की गुणवत्ता जांची

*अमित राणा ने क्लोरीन जांच की विधि समझाई और दूषित जल से होने वाले रोगों की जानकारी दी। जल घर का डोजर और पानी की गुणवत्ता जांची गई, जो सही पाई गई। सभी को जल संरक्षण की शपथ दिलाई गई।*

#### जल की हर बूंद बचाएं

*नेहा रानी ने कहा कि जिम्मेदार नागरिक होने के नाते जल की हर बूंद बचाना जरूरी है। उन्होंने बताया कि जल संबंधी शिकायतों के निवारण के लिए विभाग का टोल फ्री नंबर 1800-180-5678 जारी किया गया है।*



---

# कथा में भाव विभोर हुए श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल



**मौजूद रहेः** गौरव गोयल, शोभित गुप्ता, प्रशांत गोयल, रोहित गर्ग, सौरभ गुप्ता, पंकज गोयल, अतुल जैन, आशीष गुप्ता, अंकुर गुप्ता, अनुभव बंसल, विकास सिंगला सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु।

श्री खाटू श्याम कीर्तन मंडल द्वारा सेक्टर-12 स्थित गोल्डन मोमेंट्स में चल रहे श्री श्याम उत्सव में शुक्रवार को विश्वविख्यात कथावाचक श्री पुंडरीक गोस्वामी महाराज ने श्रीमद्भागवत कथा का रसपान कराया। उन्होंने प्रवचन में कहा कि /"दुनिया को दिमाग से चलाया जा सकता है, परंतु गोविंद को चलाना है तो केवल हृदय से ही संभव है।/" उन्होंने सनातन संस्कृति में नाम की पवित्रता, अंग्रेजों द्वारा जातिवाद के कारण उपनाम (सरनेम) के चलन और धर्म से पीढ़ियों को जोड़ने की आवश्यकता पर विस्तार से प्रकाश डाला। महाराज ने श्रोताओं से स्वदेशी अपनाने, हस्ताक्षर हिंदी में करने और भारत नाम से पहचान बढ़ाने का आह्वान किया। कथा का आयोजन 14 सितंबर तक चलेगा। उसी दिन शाम छह बजे से श्री श्याम संकीर्तन में भजन गायक बाबा चित्र विचित्र जी महाराज प्रस्तुति देंगे।

---

**गायन स्पर्धा में आर्यन ने पाया प्रथम स्थान**

# दो दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम का समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ इंद्री



इंद्री। स्पर्धा में प्रतिभा दिखाती छात्रा।

शहीद उधम सिंह राजकीय महाविद्यालय मटक माजरी इंद्री में दो दिवसीय सांस्कृतिक महोत्सव प्रतिभा खोज प्रतियोगिता के दूसरे दिन की शुरुआत सरस्वती वंदना एवं सरस्वती प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन से हुई। इस अवसर पर गांव मटक माजरी की सरपंच मीनू देवी ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ महेंद्र सिंह बागी ने कहा कि विद्यार्थियों का समुचित एवं संपूर्ण विकास करने के लिए समय-समय पर इस तरह के कार्यक्रम का अयोजन किया जाता है। इस सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित करवाई गई। गायन प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में डॉ मीरा कश्यप, डॉ हरीश कुमार, डॉ सविता रानी, डॉ वंदना सैनी रहे। गायन प्रतियोगिता में आर्यन ने प्रथम स्थान, सौरभ ने द्वितीय स्थान व शगुन तृतीय स्थान पर रहे।

---

# नियमों को अपनी दिनचर्या में अपनाने का लिया संकल्प

- दयाल सिंह पब्लिक स्कूल में ट्रैफिक नियमों पर कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल



दयाल सिंह पब्लिक स्कूल (मेन ब्रांच) में कक्षा तृतीय से पंचमी तक के विद्यार्थियों के लिए ट्रैफिक नियमों पर विशेष कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला का संचालन दीपा ने किया। उन्होंने बच्चों को विस्तार से समझाया कि ट्रैफिक नियमों का पालन करना क्यों आवश्यक है और यह किस प्रकार हमारी तथा दूसरों की सुरक्षा के लिए जीवनरक्षक सिद्ध होते हैं। बच्चों को हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट लगाने, ज़ेब्रा क्रॉसिंग से सड़क पार करने, ट्रैफिक सिग्नल का पालन करने और व्यस्त सड़कों पर न भागने जैसे नियमों की जानकारी दी गई।

#### अधिकारियों का धन्यवाद किया

कार्यशाला इंटरैक्टिव रही, जिसमें बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और इन नियमों को अपनी दिनचर्या में अपनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर स्कूल की प्रिंसिपल सुषमा देवगन और मुख्य अध्यापिका प्रिया कपूर ने कार्यशाला संचालिका और अधिकारियों का धन्यवाद किया।

---

# सुल्तानपुर बना सुशासन और विकास का मॉडलः अभिषेक सिंह




**नीलोखेड़ी/करनाल।** सुल्तानपुर पंचायत ने सुशासन और विकास कार्यों का ऐसा उदाहरण प्रस्तुत किया है, जिसे देखकर अन्य पंचायतों के प्रतिनिधि प्रभावित हुए। भारत सरकार के पंचायती राज मंत्रालय के सलाहकार अभिषेक सिंह ने कहा कि /"सुशासन की असली ताकत गांव स्तर पर नवाचार और सामूहिक प्रयासों में है।/" 11 सितंबर को आयोजित अध्ययन भ्रमण में कैथल जिले के पूंडरी और ढांड ब्लॉक के करीब 20 सरपंच और 5 ग्राम सचिव शामिल हुए। उन्होंने पंचायत लर्निंग सेंटर, गांव के पार्क, तालाब, कचरा प्रबंधन और स्वच्छता व्यवस्था का निरीक्षण किया। सभी ने सुल्तानपुर पंचायत को आत्मनिर्भर और प्रेरणास्रोत करार दिया। गांव के सरपंच जसमेर चौहान ने बताया कि वे स्वयं रोजाना फाइव पाउंड जोहड़ की सफाई करते हैं, जिसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें सम्मानित भी किया था। उपस्थित रहेः अभिषेक सिंह (सलाहकार, पंचायती राज मंत्रालय), मीनू रेढू (राज्य परियोजना प्रबंधक, आरजीएसए), सरपंच जसमेर सिंह, शुभम भार्गव (प्रशिक्षण विशेषज्ञ) व अन्य प्रतिनिधि।

---

# इंद्री राइस मिलर्स एसो. के दूसरी बार प्रधान बने मंढ़ाण

हरिभूमि न्यूज ⏭ इंद्री

**नवनियुक्त प्रधान हरपाल मंढ़ाण बोले सब को साथ लेकर यूनियन के हक में काम करेगें**

राईस मिलर्स एंड डीलर्स एसोसिएशन इंद्री की मीटिंग जिसकी अध्यक्षता संजीव गोयल ने की। मीटिंग मे सर्वसम्मति से हरपाल मंढ़ाण को लगातार दूसरी बार दि इंद्री राईस मिलर्स एंड डीलर्स एसोसिएशन का प्रधान चुना गया। इस मोके पर कार्यकारिणी का गठन किया गया जिसमें संरक्षक बलबीर मंढ़ाण, संजीव गोयल, राजेश चहल, अमित गोयल, अशोक कांबोज, वरिष्ठ उप प्रधान महिंद्र त्यागी, उप प्रधान युगल गोयल, कोषाध्यक्ष सचिन गोयल व सचिव मनोज ठक्कर, सलाहकार पवन गोयल, रावसुर्य देव यादव, नसीब चौधरी, किरपाल सिंह,अनुज जिंदल, मवासी राम व सुशील गोयल को चुना गया। नवनियुक्त प्रधान हरपाल मंढ़ाण ने कहा कि सभी साथियों के सहयोग से मुझे जो जिम्मेदारी सौंपी गई है उसको मैं पूरी ईमानदारी के साथ निभाउंगा और सब को साथ लेकर यूनियन के हक में काम करेगें। उन्होंने सभी राईस मिलर्स का प्रधान चुने जाने पर आभार जताया। इस मौके पर सभी राईस मिलर्स मौजूद रहे।

---

## आयोजन

### तरावड़ी राइस मिलर्स एसोसिएशन की बैठक संपन्न

**राइस मिलर्स की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया जाए**

# नरेश बंसल को 11वीं बार सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी मिली, सभी का जताया आभार

- कार्यक्रम में 100 से अधिक राइस मिलर्स ने भाग लिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ तरावड़ी

शुक्रवार को एक निजी होटल में तरावड़ी राइस मिलर्स एसोसिएशन की बैठक संपन्न हुई। जिसमें 100 से अधिक राइस मिलर्स ने भाग लिया। बैठक में नरेश बंसल को तरावड़ी राइस मिलर्स एसोसिएशन का 11वीं बार सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुन लिया गया। इस अवसर पर भारत ग्रुप के मालिक नाथीराम गुप्ता को संरक्षक व राकेश हंस को महासचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस मौके पर शिव शक्ति इंटरग्लोब प्राइवेट लिमिटेड के सीएमडी रमेश गुप्ता, राकेश गुप्ता, नरेश गुप्ता, मंडी के पूर्व अध्यक्ष शीशपाल गुप्ता, तिलक राज मक्कड़, जीवी राइस मिल के सीएमडी प्रमोद बंसल, विनीत बंसल मुख्य रूप से मौजूद रहे। गौरतलब है कि नरेश बंसल एवं राकेश हंस उक्त एसोसिएशन के वर्ष 2005 से 2025 तक निर्विरोध लगातार अध्यक्ष एवं महासचिव बनते आ रहे है।



तरावड़ी। प्रधान नरेश बंसल का मुंह मीठा कराते राइस मिलर। फोटो: हरिभूमि

#### मिलर्स की समस्याओं को प्रमुखता से उठाउंगा

अपनी नियुक्ति पर नरेश बंसल ने कहा कि सबसे पहले मैं अपने राइस मिलर्स भाइयों का धन्यवाद करता हूं जिन्होंने मुझे राइस मिलर्स का अध्यक्ष बनाकर फिर से जिम्मेदारी सौंपी है। मेरा हमेशा से यही प्रयास रहा है कि राइस मिलर्स की जो भी मांगें होती है उन्हें अधिकारियों के समक्ष रखकर उनका समय पर समाधान करवा सकूं। इसमें कई बार समय जरूर लगता है लेकिन मेरे प्रयास हमेशा जारी रहते है। जब-जब सीएमआर का काम करने वाले राइस मिलर्स को परेशानी हुई है तो उस समस्या को भी मैंने समय-समय पर प्रमुखता से उठाया है। आगे भी मेरा यही प्रयास रहेगा कि शहर के राइस मिलर्स की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया जाए। शहर में सबसे अधिक चावलों का ही व्यापार होता है तथा 80 से 100 राइस मिलर्स सीएमआर का काम भी करते है। मौके पर बीडी ओवरसीज के मालिक प्रवीण गर्ग, गौशाला के अध्यक्ष राकेश गर्ग, नरेश गर्ग, रविन्द्र सिंगला, प्रमोद सिंगला, संजीव मित्तल, संजय सिंगला, एडवोकेट मुनीश गुप्ता, रितेश नागपाल एवं मुकेश हंस के अलावा सैकड़ों की संख्या में राइस मिलर्स मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### बिजली कर्मियों का प्रदर्शन

**पानीपत।** ऑल हरियाणा पावर कारपोरेशन वर्कर यूनियन के बैनर तले बिजली कर्मचारियों ने सिटी डिवीजन के कार्यालय पर प्रदर्शन किया। वहीं प्रदर्शनकारियों के यूनियन के नेता दलेल शर्मा, बलराम राणा, जितेंद्र सैनी, हरिओम, सुमित, सतबीर, नरेंद्र, कटार सिंह, शिव कुमार, महिपाल, रमेश, राजेंद्र, विनोद कुमार, सौरभ, जितेंद्र वर्मा, रोहतास, मेहर सिंह आदि ने संबोधित किया।

### हिंदी दिवस मनाया

**पानीपत।** जैन किड्स स्कूल में हिंदी दिवस मनाया गया। इस अवसर पर छात्रों ने हिंदी भाषा के महत्व को दर्शाने वाले कई कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम की शुरुआत में बच्चों ने विभिन्न कविताएं और कहानियां सुनाईं। इस अवसर पर स्कूल के मैनेजर संजीव जैन, प्राचार्या मोनिका सहगल, टीचर्स व स्टूडेंट्स उपस्थित रहे।

### युवती लापात, केस दर्ज

**पानीपत।** पानीपत के गांव नौल्था में निवास कर रहे बिहार प्रवासी मजदूर परिवार की 19 वर्षीय बेटी लापता हो गई है। युवती दस सितंबर को सुबह अकेले फैक्ट्री में काम करने के लिए निकली थी। वह न तो फैक्ट्री पहुंची और न ही शाम तक घर वापस आई। इसराना थाना पुलिस ने युवती की गुमशुदी का केस दर्ज कर जांच शुरू की है।

### रंगदारी मांगने वाला पकड़ा

**पानीपत।** थाना माडल टाउन पुलिस ने इदगाह कॉलोनी निवासी व्यक्ति पर जबरन वसूली का दबाव बनाने, उसकी बाइक छीनने व धमकी देने मामले में आरोपी पंकज निवासी गांव शेरा जिला पानीपत को गिरफ्तार किया है। थाना माडल टाउन प्रभारी जगमिंद्र ने बताया कि इस मामले में इदगाह कॉलोनी निवासी सतीश पुत्र प्रेमचंद की शिकायत पर केस दर्ज है।

### सीएम 25 को पानीपत में

**पानीपत।** भाजपा जिला कार्यालय हुडा सेक्टर 13/17 में संगठन के पदाधिकारियों की बैठक हुई। वहीं जिलाध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने बताया कि 25 सितंबर को भाजपा के नए भवन का शुभारंभ केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली, प्रदेश प्रभारी सतीश पुनिया, जिला प्रभारी अशोक गुर्जर आदि की उपस्थिति में होगा।

### जोनल खेलकूद 18 से

**पानीपत।** औद्योगिक सुरक्षा एवं स्वास्थ्य विभाग के उप निदेशक एवं स्पोर्ट्स मीट के नोडल अधिकारी धर्मपाल सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला पानीपत में 18 व 19 सितम्बर को स्थानीय शिवाजी स्टेडियम में जोनल स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।

### गायन में तुषार प्रथम

**पानीपत।** आईबी कॉलेज में सांस्कृतिक समिति की संयोजिका डॉ. सुनीता ढांडा के निर्देशन में प्रतिभा खोज प्रतियोगिता में नृत्य, मिमिक्री व गायन का आयोजन हुआ। वहीं, प्राचार्या डॉ शशिप्रभा मलिक मुख्यातिथि के रूप में कार्यक्रम का शुभारंभ किया। गायन में तुषार, सुधीर, राज त्योरा, नृत्य में शिवम, सुजल, मुस्कान मिमिक्री में शौकिन, गुलज़ार आदि विजेता रहे।

### नशा विरोधी हेल्पलाइन शुरू

**पानीपत।** एडीसी डा. पंकज यादव ने बताया कि 'नशा मुक्त भारत 2047' अभियान के तहत केंद्र सरकार द्वारा नशीली दवाओं के दुरुपयोग और नार्कोटिक्स तस्करी पर प्रभावी नियंत्रण हेतु अहम कदम उठाया गया है। इस दिशा में गृह मंत्रालय द्वारा नेशनल नारकोटिक्स हेल्पलाइन - मानस - 19&& की शुरुआत की गई है। यह हेल्पलाइन नंबर 24&7 सक्रिय रहेगा।

### स्वच्छता को अपनाएं

**पानीपत।** हरियाणा सरकार व पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, जल शक्ति मंत्रालय भारत सरकार के आदेशों की अनुपालना में एडीसी डॉ पंकज यादव के मार्गदर्शन में स्वच्छ भारत मिशन- ग्रामीण के अन्तर्गत 17 सितम्बर से दो अक्टूबर तक 'सेवा पखवाड़ा' और 'स्वच्छता ही सेवा अभियान का आयोजन किया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य सामूहिक नागरिक कार्रवाई और सामुदायिक सहभागिता के माध्यम से सेवा और स्वच्छता की भावना को सुदृढ़ करना है।

---

### जो हाथ जरूरमंद लोगों की मदद के लिए उठाता है उसे ही प्रभु आशीर्वाद देने को पकड़ते हैं

# जरूरतमंदों की मदद करना सभी का कर्तव्यः राधे

पंडित राधे-राधे महाराज ने कहा कि उत्तर भारत में बाढ़ का प्रकोप है। ऐसे विकट समय में सामर्थ लोगों को बाढ़ पीड़ितों की मदद करनी चाहिए

हरिभूमि न्यूज. पानीपत



**पानीपत।** जन सेवा दल द्वारा एकत्र की गई राहत सामग्री को पंजाब के लिए रवाना करते पंडित राधे राधे आदि।

हुडा सेक्टर 13/17 सेक्टर में स्थित वृंदा एंक्लेव के पार्क नंबर तीन में वृंदा एनक्लेव परिवार के द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा सत्संग समारोह के पंचम दिवस पर प्रसिद्ध कथा वाचक भागवत रसिक पंडित राधे-राधे महाराज ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि साधना की एक अपनी स्वतंत्रता होती है और वह अनिवर्त है साधना शब्द इतना सरल है, लेकिन उसको पाना उतना ही कठिन है साधना शक्ति से प्राप्त की जा सकती है और शक्ति परमात्मा की भक्ति से प्राप्त हो सकती है जवाब भक्ति में प्रबल हो जाएंगे का तंबल बढ़ेगा और आत्मबल से आप साधना को संपन्न कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि उत्तर भारत में बाढ़ का प्रकोप है। ऐसे विकट समय में सामर्थ लोगों को बाढ़ पीड़ितों की मदद करनी चाहिए। उन्होंने साफ किया जो हाथ जरूरतमंद लोगों की मदद के लिए उठता है उसे ही भगवान आशीर्वाद देने के लिए पकडते है। इसके मद्देनजर हर नागरिक को बाढ पीडितों की मदद के लिए आगे आना चाहिए। इधर, जन सेवा दल ने पंडित राधे राधे के सानिध्य में पंजाब के बाढ पीडितों के लिए राहत सामग्री भेजी है। इस अवसर पर भाजपा के जिला उपाध्यक्ष नवीन भाटिया, राहुल विज आदि उपस्थित रहे।

---

### प्रदूषण को खत्म करता है घना पर्यावरणः सिंह



**समालखा।** राजकीय स्कूल गांव दीवाना में पौधे रोपते हुए। फोटो : हरिभूमि

**समालखा।** पानीपत के गांव दीवाना स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में शुक्रवार को प्रधानाचार्य राजबीर सिंह व कपिल देव ने छात्र सावन, रोहन के साथ मिलकर पीपल का पौधा लगाया और उसका सुरक्षा करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर स्कूल के प्राचार्य राजबीर सिंह ने कहा कि स्वस्थ पर्यावरण के लिए वृक्षारोपण बहुत ही जरूरी है। जिस तरह से पेड़ों की कटाई की जा रही है उस तरह से नए पौधे नहीं लगाए जा रहे हैं। इससे वातावरण में प्रदूषण बढ़ता जा रहा है जो कि हम सभी के स्वास्थ्य के लिए घातक है। उन्होंने बच्चों से अधिक से अधिक पौधे लगाने का आह्वान किया। वहीं, कपिल देव ने कहा कि केवल मात्र पौधा लगाने से काम नहीं चलेगा। इसके लिए हमें उस पौधे का पालन-पोषण, रख-रखाव व सुरक्षा अपनी संतान की तरह करना होगा तभी हमारे द्वारा लगाया गया पौधा भविष्य में बड़े वृक्ष का रूप धारण कर सकेगा।

---

# ब्राह्मण महासंघ की कार्यकारिणी का गठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत



**पानीपत।** ब्राह्मण महासंघ हरियाणा अध्यक्ष रोहित गौतम का स्वागत करते हुए गणमान्य ब्राह्मण। फोटो : हरिभूमि

ब्राह्मण महासंघ हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष रोहित गौतम ने संगठन का विस्तार की जानकारी देते हुए बताया कि महासंघ की कार्यकारिणी में डा.अंकित शर्मा, मा. संजय शर्मा, बलवान शर्मा मतलौडा, मा.रामकुमरी शर्मा, मतलौडा, राजेंद्र शर्मा मतलौडा, राजवीर शर्मा कुराना, सतीश शर्मा शाहपुर, नवीन मनाना, बलबीर शर्मा आट्टा, नरेश शास्त्री जलमाना, विनोद शास्त्री जलमाना, नरेश शर्मा जलालपुर, रमेश शर्मा जलालपुर, संदीप शांडिल्य एडवोकेट, डा.संजीव कौशिक, सुनील शास्त्री, शिवकुमार बिहोली, अशोक शर्मा छदिया, डा.आजाद शर्मा डाडौला, जोगेंद्र त्यागी ऊझा, दीपक शर्मा ऊझा, शिव कुमार शर्मा सेक्टर 18, रोहित शर्मा सिवाह, चंद्र शर्मा पालीवाल, धर्मवीर वत्स अंसल, सुरेश शर्मा बबलू, पिंकल शर्मा, वेद शर्मा, डा. महेंद्र शर्मा, सोनू शर्मा, लालचंद गोसांई, गौरव शर्मा, अनिल शर्मा जाटल, पंकज शर्मा रुद्रा, विजय शर्मा एनएफएल, राजवीर शर्मा एनएफएल, कृष्ण शर्मा मुखिजा कॉलोनी, सुरेंद्र शर्मा इंसार बाजार, सोनू शर्मा तहसील कैंप, मुकेश शर्मा विकास नगर, कृष्ण शर्मा सतकरतार कॉलोनी, सुरेश शर्मा सैनीपुरा, सुशील शर्मा सावन पार्क, डा.रामकुमार शर्मा, संजय शर्मा, सोमनाथ प्रभाकर बत्रा कॉलोनी, यशपाल शर्मा व जोगेंद्र शर्मा आठ मरला को शामिल किया गया है।

---

# जनता के हकों के लिए कांग्रेस का संघर्ष जारी रहेगाः मलिक

■ संगठन को मजबूत करने लिए कांग्रेस हर घर में दस्तक देगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत



**पानीपत।** कांग्रेस जिलाध्यक्ष रमेश मलिक, कांग्रेसियों का स्वागत करते हुए।

कांग्रेस के ग्रामीण जिलाध्यक्ष चौधरी रमेश मलिक ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार जनता की सेवा करने में विफल हो चुकी है। वहीं जनता से अपनी विफलता छिपाने के लिए भाजपाई हर रोज कांग्रेस पर झूठे आरोप लताते है। जबकि जनता, भाजपाइयों की झूठ व आरोपों की राजनीति की सच्चाई को जान चुकी है। । मलिक, कांग्रेस भवन में पार्टी के संगठन को मजबूत करने के लिए पानीपत ग्रामीण, समालखा व इसराना हलकों के कांग्रेसियों की बैठक को संबोधित कर रहे थे। वहीं भाजपा सरकार की हर गलत नीति का कांग्रेसी सडकों पर उतर कर विरोध करेंगे। बैठक में युवा कांग्रेस के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष व पानीपत ग्रामीण हलके से कांग्रेस के प्रत्याशी रहे सचिन कुंडू, पूर्व विधायक बलबीर वाल्मीकि, कांग्रेसी नेता सत्यपाल वाल्मीकि, नरेंद्र भिवान, मनोज वाल्मीकि, रूबल संधू, मनीष मलिक, सुरभि शर्मा, नीलम देवी, सुभाष तंवर, संतोष शर्मा, सत्यपाल रोड, बीआर कौशिक, अमित वाल्मीकि, बलजीत सरासर, बलवान वाल्मीकि, सतीश काबडी, मोहित शर्मा, सचिन गुर्जर, देव कुटानी, तेजी प्रधान आदि उपस्थित रहे।

---

# विधायक ने बेसहारा बुजुर्गों को कपड़े और फल भेंट किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत



**पानीपत।** अपना आशियाना में वृद्धों को फल व कपडे बांटते हुए विधायक प्रमोद विज व नवीन भाटिया। फोटो : हरिभूमि

पानीपत शहरी विधायक प्रमोद विज ने आदर्श नगर में स्थित बेसहारा बुजुर्गों के बीच पहुंच कर फल, दवाइयां और कपड़े वितरित किए। वहीं, विधायक विज ने कहा कि हमारे शास्त्रों में पितृ पक्षों में दान की परंपरा का वर्णन है, अपना आशियाना में रह रहे बेसहारा बुजुर्गों की सेवा करना हम सभी का धर्म है। वे युवा पीढ़ी से मातृ देवो भव और पितृ देवो भव की परंपरा का पालन करने का आग्रह करते हैं। विज ने अपना आशियाना की अन्य व्यवस्थाओं का भी निरीक्षण किया एवं भविष्य में अपना आशियाना का सहयोग हेतु आश्वासन दिया। अपना आशियाना के संरक्षक सदस्य चिमन गुलाटी ने विधायक का स्वागत किया एवं सहयोग हेतु आभार व्यक्त किया। मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष नवीन भाटिया, चांद भाटिया, योगेश शर्मा, चेतन तनेजा अमित पंडित, वीरेंद्र तनेजा, अनिल मदान, सुनील सोनी, दिपेश रहेजा, मुकेश राजपूत आदि उपस्थित रहे।

---

### पुलिस ने 392 वाहनों के चालान किए

**पानीपत।** पानीपत जिला यातायात पुलिस द्वारा यातायात के नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया हुआ है। अभियान के तहत वीरवार को नेशनल हाइवे सहित विभिन्न स्थानों व मार्गों पर गहनता से चेंकिग की गई। इस दौरान ड्रंक एंड ड्राइव, लेन चेंज, प्रेशर हॉर्न, रॉग पार्किंग, बगैर नंबर प्लेट, रॉग साइड ड्राइविंग व दोपहिया वाहन पर ट्रिपल राईडिंग, बुलेट बाइक से पटाखे छोड़ना, बिना हेल्मेट और अन्य यातायात नियमों की उल्लंना करते पाए जाने पर 392 वाहनों के चालान किए व 10 को इंपाउंड किया गया।

---

# श्री हनुमान भक्तों के उपवास का शुभारंभ



**पानीपत।** श्री राम चन्द्र हनुमान बाल सभा के स्वयंसेवी यज्ञ करते हुए। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

श्री राम चन्द्र हनुमान बाल सभा, शक्ति नगर में सभा के भगतों ने हवन कर 21 दिन के उपवास करने का संकल्प लिया। सभी भगतजन उपवास के दौरान मंदिर में निवास करते हुए श्री हनुमान की उपासना करेंगे और एक समय बिना नमक का भोजन ग्रहण करेगे। वहीं भक्तजन शोभायात्रा निकाल कर बड़ी धूमधाम से हनुमान जी महाराज के श्रृंगार स्वरूप लेकर आएं और सभा स्थल पर विराजमान किया गया, जिसे भक्तजन अनुज कैथवास, लक्ष्य स्वामी, हिमांशु, सचिन डोगरा, शान रॉय व रोहित कुमार दशहरे से तीन दिन पूर्व ही धारण करना शुरू कर शहर में भ्रमण करेंगे। वहीं, भक्त अनुज कैथवास ने बताया कि हनुमानजी अपने भक्तों की हर मनोकामना पूर्ण करते है। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में राम करण स्वामी, तिलक राज, रमेश स्वामी उपस्थित रहे। जबकि पूजन में अमित, अमन कैथवास, अभिमन्यु, रणविजय समेत बडी संख्या में भक्तजनों ने भाग लिया।

---

# बाढ़ पीड़ितों के लिए नकदी व राहत सामग्री एकत्र की



**समालखा।** प्रधान जगतार सिंह बिल्ला को चेक सौंपते हुए प्रबुद्ध नागरिक।

**समालखा।** समालखा में पंजाबी वेलफेयर सोसाइटी के पदाधिकारियों व सदस्यों ने पंजाब के बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए 51 हजार रूपये व विभिन्न तरह की खाद्य सामग्री गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान जगतार सिंह बिल्ला को सौंपी है। वहीं, सिंह ने पंजाबी वेलफेयर कमेटी के सदस्यों का धन्यवाद करते हुए कहा कि पंजाब के लोगों ने हमेशा भारत ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया में जरूरतमंद लोगों की मदद की है। इसके मद्देनजर समाज के हर वर्ग को सामर्थ के अनुसार पंजाब के बाढ पीडितों की मदद करनी चाहिए। उन्होंने बताया कि राहत सामग्री व नगदी को लेकर शनिवार को बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए अपनी टीम के साथ पट्टी (तरनतारन) पंजाब जाएंगे।

---

# समाजसेवी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ समालखा



**समालखा।** गांधी स्मारक निधि, आश्रम गांव पट्टीकल्याणा में दीदी विद्यावती को श्रद्धांजलि देते हुए गांधीवादी। फोटो : हरिभूमि

गांधी स्मारक निधि, आश्रम गांव पट्टीकल्याणा में शुक्रवार को दीदी विद्यावती की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कर नमन किया गया। वहीं, श्रद्धांजलि सभा में सर्व प्रथम यज्ञ किया गया और संस्था की न्यासी हेमलता रावत ने कहा कि दीदी विद्यावती ने देश विभाजन में महिलाओं के पुनर्वास तथा उनके परिवार में पहुंचाने के लिए कार्य किया।

वहीं, पंडित ओम प्रकाश त्रिखा व माता लक्ष्मी देवी त्रिखा के साथ साथ दीदी ने आश्रम के उत्थान को तेजी से आगे बढाया। इधर, सचिव आनंद कुमार शरण ने बताया कि दीदी आजीवन गांधी विचार में आस्था रखकर देश, समाज व मानवता की सेवा करती रही। इस अवसर पर अजय कुमार, डॉ संदीप जैन, डॉ रुपाली जैन, सुनीता शर्मा, गिरिराज, सोनू, योगेन्द्र यादव, प्रसन्न कुमार, राजेश, राहुल, बिमलेश, सोनिया, मोनिका, विकास, उमेद सिंह, सोना आदि उपस्थित रहे।

---

# एसडी कॉलेज में वर्कशॉप

**पानीपत।** जेसीआई पानीपत सेंट्रल ने एसडी कॉलेज के विद्यार्थियों के लिए पाथ टू एंटरप्रेन्योरशिप नामक कार्यशाला का आयोजन किया। इस वर्कशॉप का उद्देश्य विद्यार्थियों को शिक्षित होकर स्वरोजगार करने को प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में जेसीआई के पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और नेशनल ट्रेनर जेसीआई सीनेटर सुखपाल, जेसी कुलभूषण नारंग, एसडी कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ.अनुपम अरोड़ा, रीजनल चेयरमैन जेसी संजय जैन, जेसी रणदीप राणा, जेसी रॉबिन धमीजा, डॉ.दीपा वर्मा आदि उपस्थित रहे।

# समीक्षा बैठक की

**पानीपत।** सहकारिता विभाग की आयुक्त एवं सचिव तथा हरियाणा विद्युत प्रसारण निगम की प्रबंध निदेशक आशिमा बराड़ ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा प्रदेशभर में आयोजित समाधान शिविरों में आने वाली शिकायतों की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शुक्रवार को समीक्षा बैठक की। बैठक में उन्होंने सभी जिलों और उप मंडलों में आयोजित शिविरों में दर्ज शिकायतों की वर्तमान स्थिति जानी और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

---

**न्यायालय तहसीलदार कम सब रजिस्ट्रार पानीपत।**
मोहित तलुजा पुत्र श्री सतीश कुमार निवासी मकान नम्बर 366-आर, माडल टाउन, पानीपत।

**बनाम**

**जनरल पब्लिक**

इस इश्तहार के माध्यम से हर आम व खास को सुचित किया जाता है मोहित तलुजा पुत्र श्री सतीश कुमार निवासी मकान नम्बर 366-आर, माडल टाउन, पानीपत ने एक दस्तावेज पंजीकृत हेतू इस कार्यालय मे पेश किया है। जिसमे स्पष्ट रूप से बताया गया है कि प्रार्थी के पिता सतीश कुमार पुत्र श्री गोबिंद लाल निवासी मकान नम्बर 366-आर, माडल टाउन, पानीपत की दिनांक 24-05-2025 को मृत्यु हो चुकी है। एवंम प्रार्थी की दादी श्रीमति सुहागवन्ती जी की काफी अरसा पहले मृत्यु हो चुकी है। उनकी मृत्यु उपरान्त उनके निम्न वारिस / उत्तराधिकारी दर्शाये गये हैं। तरूण गोनधी वार्ड नम्बर 20, नगर निगम पार्षद पानीपत, एवंम लेखराज पटवारी पानीपत द्वारा भी अपनी रिपोर्ट मे इन्ही वारसान की तसदीक की गई है:-

**1- मधु तलुजा विधवा, व 2- सौरभ तलुजा, व 3- मोहित तलुजा, व 4- सुमित तलुजा पुत्रगण श्री सतीश कुमार यानि कुल 4 ही वारिस है।**

इनके ईलावा मृतक सतीश कुमार पुत्र श्री गोबिंद लाल का अन्य कोई वारिस/उतराधिकारी नहीं है। जिसके सम्बंध मे प्रार्थी ने शपथपत्र भी प्रस्तुत किया है। इसलिए हर आम व खास को इस इश्तहार / नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है। कि उपरोक्त मृतक के बताये गये वारिस/उतराधिकारी के बाबत कोई शक एवंम इतराज हो तो वह स्वंय/अधिवक्ता के माध्यम से इस नोटिस के प्रकाशन के उपरान्त 15 दिन के अन्दर-2 इस कार्यालय मे कार्य दिवस के दिन अपनी आपत्ति पेश कर सकता है, अन्यथा उपरोक्त तथ्यों के आधार पर दस्तावेज का पंजीकरण कर दिया जावेगा।

यह नोटिस बाबत इश्तहार आज दिनांक 13-08-25 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया।

**हस्ता/- तहसीलदार-कम-संयुक्त सब रजिस्ट्रार, पानीपत**

---

### नशे के विरुद्ध व ट्रैफिक नियम पालना को जागरूक किया



**पानीपत।** केआर मंगलम स्कूल में छात्रा को सम्मानित करते हुए पुलिस कप्तान भूपेंद्र सिंह। फोटो : हरिभूमि

**पानीपत।** पानीपत के पुलिस कप्तान भूपेंद्र सिंह ने शुक्रवार को केआर मंगलम सीनियर सेकेंडरी स्कूल, अंसल सुशांत सिटी में में विद्यार्थियों को नशा करने के दुष्परिणाम बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि नशा न केवल स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है, बल्कि यह परिवार व समाज के लिए भी विनाशकारी साबित होता है। उन्होंने विद्यार्थियों को आश्वासन दिया कि पुलिस और प्रशासन उनकी मदद के लिए हमेशा तैयार है। साथ ही यह भी कहा कि समाज में मिलकर नशे के खिलाफ जागरूकता फैलानी होगी, तभी इस बुराई को जड़ से समाप्त किया जा सकेगा। इधर, डीएसपी ट्रैफिक सुरेश सैनी ने नाबालिग विद्यार्थियों को वाहन नहीं चलाने की अपील की। वहीं, नगर निगम की मेयर कोमल सैनी ने कहा कि विद्यार्थियों से नशे से दूर रहने, यातायात नियमों का पालन करने की अपील की। इस अवसर पर डीएसपी समालखा नरेंद्र कादियान, डीसीपी ट्रैफिक सुरेश सैनी, सुभाष, जिला शिक्षा अधिकारी राकेश बूरा आदि उपस्थित रहे।

---

# खून से लथपथ हालत में मिला बुजुर्ग का शव

## मृतक के परिजनों ने जताई हत्या किए जाने की आशंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रादौर



**यमुनानगर।** रादौर में खाली पड़े प्लाट में खून से लथपथ हालत में मिलते ओमप्रकाश के शव के मामले में कार्रवाई करती पुलिस। फोटो : हरिभूमि

रादौर के जठलाना मार्ग पर घेसपुर चुंगी के नजदीक खाली पड़े प्लाट में अपनी भेड़ों की रखवाली कर रहे एक व्यक्ति का शव शुक्रवार सुबह खून से लथपथ हालत में मिला। आशंका जताई जा रही है कि किसी ने व्यक्ति की हत्या कर दी। सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और कार्रवाई शुरू कर दी।

जानकारी के मुताबिक मृतक ओम प्रकाश(65) के बेटे प्रदीप पाल ने पुलिस को बताया कि वह गांव जुब्बल के रहने वाले हैं। मगर पिछले चार पांच साल से वह परिवार समेत घेसपुर चुंगी कालोनी में रहते हैं। वह भेड पालन का कार्य करते हैं। उसने बताया कि करीब पंद्रह दिन से पहले बरसात के कारण उनका भेड़ों को रखने का बाड़ा खराब हो गया था। जिसकी वजह से वह अपनी भेड़ों को रात के समय जठलाना मार्ग पर खाली पड़े प्लाट में रख रहे हैं। भेड़ो की रखवाली के लिए कभी उसका पिता ओमप्रकाश तो कभी वह खुद खाली प्लाट में सो जाते हैं। बीती रात उसका पिता ओमप्रकाश खाली पड़े प्लाट में भेड़ो की रखवाली कर रहा था।

#### मामला दर्ज

रादौर थाना के प्रभारी इंस्पेक्टर राजपाल, सीआईए वन पुलिस की टीम, सीन आफ क्राइम व डाग स्कवायड की टीम ने मौके पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने देर शाम तक मामले में जांच में जुटी थी। मामले की जांच कर रही पुलिस का कहना है कि मामले में मृतक के परिजनो के ब्यान दर्ज कर लिए गए हैं। मृतक के परिजनों के ब्यान के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

